# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026



Sumeet Group

# "सफर 42 सालों का, रिश्ता उम्र भर का"




दिल से धन्यवाद!

**1984 से आज तक**, फैशन बदला है, ट्रेंड आए और गए हैं...
लेकिन एक चीज कभी नहीं बदली - आपका भरोसा!
**चाहे त्यौहार हो, शादियाँ हो, या रोजाना पहनने वाले कपड़े हो**
बच्चों से लेकर बड़ों तक, हमने हर पीढ़ी को कपड़े पहनाए हैं.
आज हमारे 42 स्टोर्स हैं.
**हमें ये गर्व है कि दादा-दादी से लेकर पोता-पोती तक**
**हमारे परिधानों ने रिश्तों को सजाया है.**

***आइयेगा जरूर !***

***साथ में केक काटें, और मनाए 42 सालों के रिश्ते का जश्न !***
***शाम 6 बजे! आपका इंतज़ार रहेगा!***

**सह-संस्थान -** SUMEET JEWELLERS | SUMEET WHOLESALE | Shubham K Mart | SUMEET INFRACON | NEO MO

**छत्तीसगढ़** - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढियारी, कटोरा तालाब, संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर । आरंग
भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला, पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड । दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव । नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड । बिलासपुर । भाटापारा । सिमगा । खरोरा । बालोद
राजनांदगांव । डोंगरगढ़ । बेमेतरा । कवर्धा । महासमुंद । सरायपाली । बागबाहरा । धमतरी । कांकेर । कोण्डागांव ।। **उड़ीसा** - खरियार रोड । नुआपाड़ा ।। **मध्यप्रदेश** - बालाघाट । धामनोद

### 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली प्राचार्यों की बैठक

# बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी सर्वोच्च प्राथमिकता पर हो : अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिले के शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा करना तथा परीक्षा संचालन को सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो उनके भविष्य की दिशा तय करती हैं। परीक्षा से संबंधित समस्त कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों की शैक्षणिक तैयारी को सुदृढ़ करने के लिए नियमित अतिरिक्त कक्षाएं, रिवीजन सत्र, मॉडल प्रश्नपत्र अभ्यास तथा विषय विशेषज्ञ



शिक्षकों के मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देते हुए उनकी निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

जिपं सीईओ गजेंद्रसिंह ठाकुर ने परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, प्रकाश, बैठने की पर्याप्त सुविधा तथा परीक्षा कक्षों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाएं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बोर्ड परीक्षाओं की संपूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए परीक्षा केंद्रों की तैयारियों, गोपनीय सामग्री के सुरक्षित वितरण, प्रश्नपत्रों एवं उत्तरपुस्तिकाओं के संकलन तथा मूल्यांकन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। जिला मिशन समन्वयक द्वारा समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने अभिभावकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने, विद्यार्थियों को परीक्षा तनाव से मुक्त रखने तथा परामर्श सत्रों के माध्यम से उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने पर बल दिया। प्राचार्यों ने अपने-अपने विद्यालयों में प्राप्त निर्देशों का पूर्ण गंभीरता से पालन करते हुए बोर्ड परीक्षाओं में जिले के परिणामों को और बेहतर बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## महुआ लाहन से भरे करीब एक दर्जन बर्तनों को किया नष्ट



■ महिला कमांडो की सक्रियता से सलोनी नशामुक्ति ग्राम बनने की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

आदिवासी बाहुल्य ग्राम सलोनी में महिला कमांडो द्वारा नियमित गश्त और नशा मुक्त ग्राम बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा अभियान अब असर दिखाने लगा है। महिला कमांडो की टीम ने गांव और गांव से बाहर स्थित उन स्थानों का निरीक्षण किया, जहां झाड़ियों में अवैध रूप से शराब बनाई जा रही थी। कार्रवाई के दौरान मौके पर पाए गए महुआ लाहन से भरे करीब एक दर्जन बर्तनों को नष्ट किया गया, जिससे शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया।

इसके बाद थाना केरेगांव के सहयोग से साइबर, यातायात एवं नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के तहत ग्राम के बाजार चौक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नशे के दुष्परिणामों पर चर्चा की। ग्रामीणों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे अपने गांव को पूरी तरह नशा मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

महिला कमांडो एवं ग्रामीणों द्वारा सुबह, दोपहर और शाम नियमित गश्त की जा रही है, जिसका सकारात्मक प्रभाव गांव और आसपास के क्षेत्र में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। पहले जहां नशेड़ियों की मौजूदगी चौक-चौराहों पर आम थी, अब वहां उनका दिखना कम हो गया है। युवाओं में भी आत्मनियंत्रण और अनुशासन नजर आ रहा है, जिससे गांव में शांति और व्यवस्था बेहतर हुई है। पुलिस जवानों ने महिला कमांडो और ग्रामीणों की इस पहल की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक अभियानों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। महिला कमांडो की यह पहल ग्राम सलोनी को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रही है।

## खबर संक्षेप





### हरिशंकर बने महासचिव जागृति बनी महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष

**सिर्री।** साहू समाज को संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला साहू संघ द्वारा नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। सरपंच संघ ब्लॉक कुरूद के वर्तमान अध्यक्ष एवं ग्राम खुरसेंगा के सरपंच हरिशंकर साहू को उनकी सक्रियता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए जिला साहू संघ का महासचिव नियुक्त किया गया। वहीं कुरूद तहसील महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष के रूप में उल्लेखनीय कार्य कर रहीं जागृति टिकेश साहू को पदोन्नत करते हुए जिला महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया गया। हाल ही में तेलीनसत्ती माता मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ ली। इस दौरान हरिशंकर साहू ने जिला महासचिव और जागृति टिकेश साहू ने जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए हरिशंकर साहू ने कहा कि समाज ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। जागृति साहू ने कहा कि वे महिलाओं को संगठित कर उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करेंगी।

### प्राणीशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 16 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के बीएससी द्वितीय वर्ष तथा बीएससी तृतीय वर्ष (प्राणीशास्त्र) की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 16 फरवरी को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगी। नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी आवश्यक सामग्री व रिकॉर्ड के साथ निर्धारित समय से आधा पूर्व प्राणीशास्त्र विभाग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

### पुरी में मानसगान 13 से

**धमतरी।** ग्राम पुरी में 13 एवं 14 फरवरी को मानसगान प्रतियोगिता रखी गई है। इसमें 15 मंडलियां भाग लेंगी। इसी क्रम में 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि का आयोजन किया गया है। रात्रि में संगी जहुरिया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बिलाईडबरी बलौदाबाजार की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष भीमराज साहू ने दी है।

### निधन

#### संतुराम साहू

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम रेलवे स्टेशन चरमुड़िया निवासी संतुराम



साहू 70 वर्ष का निधन 6 फरवरी शुक्रवार को हो गया। वे यशवंतीन साहू के पति एवं होरीलाल साहू, लोमश साहू के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम चरमुड़िया के शांतिघाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



■ गोला फेंक में गोपी किशन व लीना कश्यप ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव क्रीड़ा प्रभारी के संयोजन तथा देवेश जोशी अतिथि क्रीड़ाधिकारी के सहसंयोजन में 7 फरवरी तक वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हृदय लाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है । अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि स्थानीय स्तर के खेल से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा उभरती है।

तवा फेंक पुरूष में तौशिक कातूरे बीएससी तृतीय वर्ष प्रथम तथा वेदप्रकाश पीजीडीसीए द्वितीय, तवा फेंक महिला में भारती नेताम बीए चतुर्थ सेमेस्टर प्रथम तथा प्रतिभा मरकाम बीए तृतीय वर्ष द्वितीय, गोला फेंक बालक में गोपी किशन बीए तृतीय वर्ष प्रथम तथा विकास नाग बीए तृतीय वर्ष द्वितीय रहे। गोला फेंक महिला में लीना कश्यप बीए चतुर्थ सेमे. प्रथम तथा जयाश्रुति बीए द्वितीय सेमेस्टर द्वितीय, लंबी कूद पुरूष में विकास बीए तृतीय वर्ष प्रथम तथा तौशिक कातूरे बीएससी तृतीय वर्ष द्वितीय, लंबी कूद महिला में योगेश्वरी कांवड़े एमएएसी द्वितीय सेमे. प्रथम तथा दीपांजलि सोनी बीएससी द्वितीय, भाला फेंक पुरूष में वेदप्रकाश पीजीडीसीए प्रथम तथा गजेन्द्र नेताम एमए राजनीति विज्ञान द्वितीय, भाला फेंक महिला में लीना कश्यप बीए चतुर्थ सेमेस्टर प्रथम तथा प्रतिमा मरकाम बीए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## करेली बड़ी परिक्षेत्र साहू समाज की कार्यकारिणी घोषित

■ समाज में धर्मांतरण जैसी समस्या का निराकारण जरूरी : वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

साहू समाजकरेली बड़ी परिक्षेत्र की कार्यकारिणी बैठक 6 फरवरी को साहू समाज भवन करेली बड़ी में हुई। परिक्षेत्र अध्यक्ष तोमन साहू द्वारा साहू कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

परिक्षेत्र के संरक्षक एवं जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि समाज में धर्मांतरण एक जटिल समस्या है, जिसके लिए सामाजिक स्तर पर चिंतन-मनन कर निराकरण की आवश्यकता है। रोटी-बेटी प्रकरण के अलावा समाज में नवाचार की आवश्यकता है। महेंद्र साहू ने कहा कि करेली बड़ी परीक्षेत्र साहू समाज में 18 गांव शामिल है। प्रत्येक गांव में शिक्षा से वंचित गरीब छात्र-छात्राओं को समाज द्वारा आर्थिक सहायता कर शिक्षा के प्रति अलख जगाने की आवश्यकता है।

कार्यकारिणी में समाज करेली बड़ी परिक्षेत्र अध्यक्ष तोमनलाल साहू, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, महिला उपाध्यक्ष सरस्वती साहू, संगठन मंत्री भूषण साहू, महिला







संगठन मंत्री नंदिनी साहू, सचिव व्यासनारायण साहू, कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, संरक्षक कार्तिकराम साहू, तोषण साहू, वीरेंद्र साहू, युवराज साहू, महेंद्र साहू, राजेंद्र साहू, गिरीश साहू शामिल हैं। मंच संचालन व आभार व्यक्त सचिव व्यासनारायण साहू ने किया।

## लंबित चार सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग

■ प्रदेश संगठन का प्रतिनिधिमंडल मंत्रालय पहुंचा, हुई सकारात्मक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मंत्रालय पहुंचकर सहकारी समिति कर्मचारियों की लंबित चार सूत्रीय जायज मांगों को लेकर संबंधित मंत्रियों एवं अधिकारियों से भेंट कर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने वर्ष 2025-26 में धान उठाव समानुपात में शीघ्र कराने, आंदोलन के दौरान कर्मचारियों पर की गई बर्खास्तगी, एफआईआर एवं निलंबन जैसी कार्रवाइयों को शून्य कर सवैतनिक वेतन सहित बहाली की मांग रखी। इस दौरान सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, सहकारिता सचिव सीआर प्रसन्ना, मुख्य सचिव विकासशील, पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा तथा मार्कफेड एमडी जितेंद्र



शुक्ला से चर्चा हुई। मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि केंद्र सरकार की सहकार से समृद्धि की भावना के अनुरूप राज्य सरकार से कर्मचारियों के हित में निर्णय की पूरी उम्मीद है। इस अवसर पर मुख्य सलाहकार बलदेवराम साहू भी उपस्थित रहे।

## रामचरित मानस जीवन जीने का संविधान है : पूरण

■ अछोटी में मानसगान स्पर्धा का हुआ शुभारंभ, 9 को होगी मड़ई

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम अछोटी में नवजागृति युवा मंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 6 से 8 फरवरी तक संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। गुरुवार की शाम 6 बजे मुख्य अतिथि सरपंच पूरणलाल घृतलहरे की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर मानसगान आयोजन की शुरुआत की गई।

मुख्य अतिथि पूरणलाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामचरित



मानस जीवन जीने का संविधान है जिनके अनुसार हम सभी जीवन जीने लगे तो ही मानव जीवन सार्थक होगा। उन्होंने भगवान श्रीराम को आदर्श मानते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने की बात कही। पुरानिकराम साहू, रामाराम साहू, रजऊराम साहू ने भी मानस मंच को संबोधित किया। 6 फरवरी को विभिन्न मानस मंडलियों ने प्रस्तुति दी और भगवान राम की महिमा का बखान किया। मानसगान स्पर्धा के द्वितीय दिवस 7 फरवरी को सुबह 11:30 बजे बतौर मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। मानसगान के समापन पश्चात 9 फरवरी को गांव में मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। इस दौरान वरिष्ठजनों एवं कर्मचारियों का सम्मान होगा। 9 फरवरी की रात्रि में मनोरंजन के लिए दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा की प्रस्तुति होगी।

## छात्रों, शिक्षकों व पालकों ने तनावमुक्त होने के तरीके सीखे



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

शाउमावि अंवरी के छात्रों, शिक्षकों व पालकों ने पीएम मोदी के परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण देखा व परीक्षा में तनावमुक्त होने के तरीके सीखे।

इस अवसर पर प्राचार्य नरेन्द्र मेश्राम, व्याख्याता पीएन साहू, आईआर साहू, केएल यादव, लालबहादुर साहू, केएल घोघरे, पी.सिन्हा, स्वाति टंडन, वत्सला चन्द्राकर, गीता जांगड़े, विज्ञान सहायक शिक्षक डीके साहू अन्य कर्मचारी राम्हू ध्रुव व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अछोटी में सीसी रोड के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम अछोटी में मंडी बोर्ड से 250 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है, जिसकी लागत राशि 11 लाख है। सीसी रोड का भूमिपूजन 6 फरवरी की सुबह 10 बजे पूजा -अर्चना कर किया गया। यह सीसी रोड देवाराम साहू के घर से गयाराम साहू के घर तक बनेगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरानिकराम साहू पूर्व जनपद सदस्य थे। मौके पर पूरणलाल घृतलहरे सरपंच, उपसरपंच आनंद साहू, सौरभ श्रीवास, जोहतूराम साहू, नारायण साहू पंच, नारायण साहू उपाध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, टोके चंद्राकर पंच, सुखनंदन साहू, देवाराम साहू शामिल हुए।

### अटंग में मानसगान स्पर्धा का समापन, विजेता मंडली हुई पुरस्कृत

# मानसगान स्पर्धा में सोनपुरी और बागबाहरा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम अटंग में युवा संघर्ष समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे छग की ख्याति प्राप्त मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। पुरुष वर्ग में प्रथम श्रीराम मानस मंडली सोनपुरी खैरागढ़, द्वितीय गुरुकृपा मानस मंडली बेलभांड, तृतीय विश्व कल्याण मानस मंडली कन्हारपुरी, चतुर्थ जय मां दुर्गा मानस मंडली बासीन, पंचम श्रद्धा सुमन मानस मंडली बनबगौद, षष्ठम स्थान पर स्वरांजलि मानस मंडली कबीरधाम ने अपनी जगह बनाई। महिला वर्ग में प्रथम अदिति हर्षा बालिका मानस



मंडली बागबाहरा, द्वितीय मां गौरी मानस मंडली अरौद, तृतीय माधुरी मानस मंडली नहरगांव, चतुर्थ जय मां कर्मा मानस मंडली फरसियां, पंचम स्वाति मानस मंडली रुआबांधा, षष्ठम जय मां चितावर मानस मंडली सारागांव रही। विशेष पुरस्कार व्याख्या में गुरुकृपा बाल संस्कार मानस मंडली बेलभांड, संगीत में पारसमणि मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर, वेषभूषा में रेशमी बालिका मानस मंडली बिरकोनी, अनुशासन में ममता बालिका मानस मंडली नवागढ़ अव्वल रही। आरती दीप सजावट में प्रथम दामिनी साहू, जागेश्वरी साहू, द्वितीय लीलिमा साहू, पूजा साहू, दुर्गा सेन, रंगोली सजावट में प्रथम



लेखिका, संध्या, खिलेश्वरी, द्वितीय वीणा, नम्रता, दुर्गा, निम्मी रही। श्रेष्ठ श्रोता जोहत राम साहू, भूखन लाल सेन, लक्ष्मी साहू रहे।

इस आयोजन में आयोजक समिति अध्यक्ष रोशन चंद्राकर, उपाध्यक्ष रुद्रनाथ साहू, कोषाध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद साहू, संरक्षक द्वारिका साहू, सचिव धूषणलाल साहू, सहसचिव तेजेंद्र साहू, संचालक भूपेंद्र साहू, उमेंद्र साहू, संगठन मंत्री भूषण साहू, संयोजक राजेश चंद्राकर, रूपेश, शिवकुमार साहू, फत्तेलाल तारक, विष्णुराम साहू समेत अनेक पदाधिकारियों का सहयोग रहा। मंच संचालन डा. जयलाल देवांगन धमतरी और वेदप्रकाश साहू अटंग ने किया।

## रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में मनीष का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता पुणे (महाराष्ट्र) में 7 से 8 फरवरी तक आयोजित होगी जिसमें पीएमश्री विद्यालय भैंसमुंडी मगरलोड के छात्र मनीष साहू अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। ज्ञात हो कि मनीष ने दुर्ग में आयोजित ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियानशिप के लिए स्थान बनाया



है। इनके चयन पर संस्था प्रमुख प्रेमसिंह दीवान, दयाराम साहू, व्यायाम शिक्षक प्रवीर कृष्ण साहू समेत अन्य ने हर्ष जताया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री


2 बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी सर्वोच्च प्राथमिकता पर हो : अबिनाश





4 युवाओं के सपनों को मिलेगा नया आधार




### कांग्रेसियों और पुलिसकर्मियों के बीच जमकर हुई धक्का-मुक्की, दोनों पक्ष के लोग गिरे, दो पत्रकारों को भी आई चोट

# मनरेगा का नाम बदलने, बजट कटौती, किसानों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर कांग्रेसियों ने घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के बैनरतले मनरेगा बचाव संग्राम आंदोलन किया। मनरेगा का नाम बदलने, योजना के स्वरूप में बदलाव तथा बजट कटौती के अलावा धान खरीदी में किसानों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर कलेक्टोरेट का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों तथा पुलिस के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई, जिसमें दोनों पक्ष के लोग सड़क तथा नाली पर गिर पड़े जिसमें दो पत्रकार भी चोटिल हुए हैं।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती तारिणी चन्द्राकर के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम आंदोलन के तहत जनपद तिराहा के पास जिले भर के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए, जहां सभा का आयोजन महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर आंदोलन प्रारंभ किया गया। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व अध्यक्षद्वय शरद लोहाना, मोहन लालवानी, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, महापौर विजय देवांगन, पंकज महावर, विपिन साहू, हरमिंदर छाबड़ा, आनंद पवार, गोविंद साहू, खिलेन्द्र ध्रुव ने कहा कि भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी का स्वरूप परिवर्तन करने एक विधेयक पेश किया है। भाजपा मनरेगा को कमजोर करने का कार्य कर रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को हटाने की कोशिश, योजना में बदलाव, बजट कटौती की जा रही है। कांग्रेसियों ने कहा कि मनरेगा में केन्द्र सरकार 90 प्रतिशत तथा राज्य सरकार 10 प्रतिशत राशि आवंटित करती है। नये नियम में केन्द्र सरकार 60 प्रतिशत तथा राज्य सरकार 40 प्रतिशत राशि देगी। राज्य सरकार की हालत दयनीय है। केन्द्र सरकार रोजगार गारंटी का विनाश कर अपने जिम्मेदारियों से पीछे हटना चाह रही है। कांग्रेसियों ने किसानों की शत प्रतिशत धान खरीदी नहीं किए जाने को लेकर साय सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली।

सभा के बाद 150 कांग्रेसी कलेक्टोरेट घेराव के लिए रवाना हुए। करीब 2 बजे पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेट्स पर कांग्रेसियों एवं पुलिस का आमना-सामना हुआ। प्रदर्शनकारियों एवं पुलिस के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारी सड़क तथा नाली पर गिर पड़े, जिसमें दो पत्रकारों आईएनएच की संवाददाता सौम्या यादव एवं एमजी टीवी के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत छाबड़ा को चोट पहुंची है।

मनरेगा बचाओ संग्राम में जिपं सदस्य नीलम चंद्राकर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर, मनीषा साहू, कविता बाबर, शास्त्री सोनवानी, अंबिका सिंह, आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, दीपक सोनकर, आलोक जाधव, प्रवीण साहू, नरेन्द्र सोवानी, गीतराम सिन्हा, जय श्रीवास्तव, हितेश गंगवीर, उदित साहू, विजेन्द्र साहू, पुखराज साहू, मानिक साहू, गोपाल शर्मा, गौतम वाधवानी, बृजेश जगताप, सुमन मेश्राम, राजेश ठाकुर, विशु देवांगन, विक्रांत पवार, गुरू गोपाल गोस्वामी, सूर्यप्रभा चेटियार, अरविंद दोशी सहित अनेक कांग्रेसीजन मौजूद थे।



### एसडीएम को देख बौखलाई तारिणी

मनरेगा बचाओ संग्राम के दौरान कांग्रेसी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के लिए अड़ी रही। इसी जिद को लेकर बैरिकेट्स के पास विरोध प्रदर्शन करते रहे। इसी दौरान एसडीएम पीयूष तिवारी के ज्ञापन लेने आने की खबर पर तारिणी चन्द्राकर बौखला गई और उसे चूड़ी सौंपने अपनी चूड़ी निकाल ली। बाद में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देहारी ज्ञापन लेने पहुंची। ज्ञापन सौंपकर कांग्रेसी वापस रवाना हुए।



### ज्ञापन सौंपने के दौरान गिनती के रह गए कांग्रेसी

कलेक्टोरेट के सामने बनाए गए बेरीकेट्स के पहले सभा के दौरान करीब 150 की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे। सभा स्थल से बैरिकेट्स तक नारेबाजी के साथ पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता पहुंचे। इसके बाद धीरे-धीरे कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता वापस होते चले गए। 2.45 बजे अपर कलेक्टर ज्ञापन लेने पहुंचे तब करीब 30 कांग्रेसी मौजूद थे।



### राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

जिला कांग्रेस कमेटी ने अपर कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि केन्द्र सरकार मनरेगा का नाम बदलकर, बजट में कटौती कर मजदूरों के साथ अन्याय कर रही है। ज्ञापन में मनेरगा के नाम में बदलाव और योजना के मूल ढांचे से छेड़छाड़ को रोकने, ग्रामीण क्षेत्र में 100 दिन के रोजगार के कानूनी अधिकार को सुनिश्चित करने और मजदूरी बढ़ाकर 400 रूपये प्रतिदिन करने को कहा है। इस दौरान धान बचने से वंचित किसानों को अपर कलेक्टर से मुलाकात कराकर किसानों की समस्याओं को रखा गया तथा शत प्रतिशत धान खरीदी करने को कहा गया।

## छात्रों से भरी कार हुई दुर्घटनाग्रस्त, सभी घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्कूल में आयोजित विदाई पार्टी के बाद पिकनिक के लिए निकले छात्र- छात्राओं से भरी कार हादसे का शिकार हो गई। घटना में कार में सवार सभी लोग घायल हो गए।

- विदाई पार्टी के बाद पिकनिक के लिए जा रहे थे

मिली जानकारी के अनुसार नगरी स्थित शासकीय श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का विदाई कार्यक्रम था। विदाई कार्यक्रम के बाद छात्र-छात्राएं सोंढूर डेम में पिकनिक के लिए निकले। छात्र-छात्राएं 4 से 5 अलग-अलग वाहनों में सवार होकर निकले थे। इसी दौरान शाम को मेचका थाना क्षेत्र के ग्राम अरसीकन्हार के पास लगभग 6 से 7 विद्यार्थियों से भरी एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में कार में सवार सभी विद्यार्थियों को चोट लगी है। घायलों को उपचार के लिए तत्काल नगरी अस्पताल भेजा गया। तीन को गंभीर चोट लगी है। इन्हें उपचार के लिए धमतरी रिफर किया गया है।

## बजट में 50 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी की घोषणा नहीं

- मध्यान्ह भोजन कर्मियों की 17 से निश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन सीटू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 12 दिनों की हड़ताल करने की सूचना दी है।

यूनियन के राज्य अध्यक्ष समीर कुरैशी, महासचिव ललिता साहू, अनुसुईया कड़रा सहित मध्यान्ह भोजन कर्मियों ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन पकाने रसोईयां एवं सहायिकाओं को मात्र 2000 रूपये के अल्प मानदेय में घर चलाना पड़ रहा है। राज्य सरकार चुनाव के पूर्व किए गए 50 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी के वादे को भूल चुकी है। ज्ञापन में कहा है कि केन्द्र सरकार से मध्यान्ह भोजन कर्मियों के लिए बजट में 10 वर्ष से केन्द्रीय अंश 600 रूपये 2009 से मिल रहा है। 2104 से 2026 तक महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है लेकिन मानदेय बढ़ोतरी पर केन्द्र सरकार का सकारात्मक रूख नहीं है जिसे लेकर मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।




राज्य अध्यक्ष समीर कुरैशी ने बताया कि 17 से 28 फरवरी तक निश्चित आंदोलन किया जाएगा। मध्यान्ह भोजन कर्मी सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक गांधी मैदान धमतरी में धरना प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। बजट में मानदेय बढ़ोतरी की घोषणा होने पर आंदोलन स्थगित किया जाएगा। राज्य सरकर के बजट में मानदेय में बढ़ोतरी नहीं किए जाने पर 28 फरवरी को बैठक कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जाएगा। जब तक राज्य सरकार 50 प्रतिशत मानदेय बढ़ाने की घोषणा नहीं करती तब तक अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

## धान खरीदी से नाराज किसान बैठेगा धरने पर

**कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 10 फरवरी को सपरिवार प्रदर्शन की दी चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

21 क्विंटल धान खरीदी के बदले 15 क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी से आक्रोशित बलियारा के एक किसान ने कलेक्टोरेट के सामने धरना- प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।



बलियारा निवासी किसान सुदर्शन ठाकुर पिता भगवानसिंह ठाकुर गोंड ने शुक्रवार को कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक, विपक्ष के नेता चरणदास महंत, विधानसभा अध्यक्ष, डीएमओ के नाम दिए ज्ञापन में कहा है कि वह भोथली सोसायटी का पंजीकृत किसान है। उसकी कुल कृषि जमीन 9.36 हेक्टयर/23 एकड़ है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से 485 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जाना था, लेकिन वर्तमान में 345 क्विंटल धान बेचा पाया है। उन्होंने बताया कि बोनस देने के डर से सरकार किसानों का धान खरीदने में कोताही बरत रही है। टोकन बंद कमरे में काटा गया। शेष धान 141 क्विंटल की खरीदी करने में सरकार असमर्थ है। वह कलेक्टोरेट के सामने 10 फरवरी को सपरिवार धरना प्रदर्शन में बैठेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन व मुख्यमंत्री की होगी।

## स्कूल के पास चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** स्कूल के पास नहरपार में धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वालों को डरा धमका रहे युवक को भखारा पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

- भखारा पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस को मुखबिर से ग्राम कोसमर्रा के हायरसेकेंडरी स्कूल के पास नहरपार में एक युवक द्वारा नुकीला चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल ग्राम कोसमर्रा के लिए रवाना हुई। पुलिस मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंची। वहां एक युवक धारदार नुकीला चाकू रखकर लोगों को धमका रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को चाकू के साथ रंगेहाथ पकड़ा। पूछताछ में युवक ने अपना नाम हेमंत मानिकपुरी उर्फ सोनू पिता शिवदास उम्र 24 वर्ष ग्राम कोसमर्रा थाना भखारा निवासी बताया। पुलिस आरोपी को पकड़कर थाना ले गई। आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी हेमंत मानिकपुरी उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की गई। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने धारदार चाकू को जब्त कर लिया है।

## बहू नहीं, बेटी बनाकर करेंगे कन्यादान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री में पटेल समाज के अध्यक्ष एवं समाजसेवी शोभाराम पटेल ने समाज के सामने एक प्रेरणादायी और मानवीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपनी ज्येष्ठ बहू को पुत्री के रूप में स्वीकार कर उनका विधिवत पुनर्विवाह एवं कन्यादान करने का निर्णय लिया है। यह विवाह कार्यक्रम 10 फरवरी मंगलवार को संपन्न होगा।

उल्लेखनीय है कि लगभग 6 वर्ष पूर्व शोभाराम पटेल के पुत्र डेसमन पटेल का निधन हो गया था। उनकी पत्नी सरोजनी पटेल वर्तमान में एक अस्पताल में नर्स के रूप में कार्यरत हैं। पति के निधन के बाद अकेले जीवन की कठिनाइयों का सामना कर रही थीं।



**समाज को नई दिशा देंगे शोभाराम पटेल**

शोभाराम पटेल ने बताया कि पति के निधन के पश्चात स्त्री स्वयं को असहज, असुरक्षित और सामाजिक रूप से अधूरा महसूस करती है। ऐसे समय में यदि परिवार साथ दे और सम्मान प्रदान करे, तो उसका जीवन फिर से संवर सकता है। इसी भावना से प्रेरित होकर उन्होंने अपनी बहू को बेटी का दर्जा देते हुए पिता का फर्ज निभाने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि वे समाज को यह संदेश देना चाहते हैं कि बहू और बेटी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। विधवा स्त्री को मानसिक अस्थिरता के साथ-साथ सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में यदि उसे बेटी जैसा प्रेम और सम्मान मिले, तो परिवार सचमुच स्वर्ग बन सकता है।

### निर्माण कार्य के दौरान पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त, निगम ने तत्काल किया सुधार

# पाइपलाइन फूटने से घड़ी चौक जलमग्न, व्यवसाय हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के व्यस्ततम घड़ी चौक क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब निर्माण कार्य के दौरान पेयजल की मुख्य पाइपलाइन फूट गई। बालक चौक से गुरुद्वारा गली के सामने हुई खुदाई के कारण फिल्टर प्लांट से आने वाला कीमती पेयजल करीब डेढ़ से दो घंटे तक सड़कों पर बहता रहा, जिससे पूरा घड़ी चौक परिसर तालाब में तब्दील हो गया।

पाइपलाइन फूटने की वजह से आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति पूरी तरह बाधित रही। सुबह से लेकर शाम तक कई मोहल्लों में नलों से पानी नहीं आया। शाम करीब 5.30 बजे से 7 बजे तक दोबारा जलापूर्ति शुरू हुई, लेकिन इसी दौरान फिर से बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर बहता रहा। सूचना मिलने पर नगर निगम के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पाइपलाइन को दुरुस्त किया, तब जाकर स्थिति सामान्य हो सकी।



### कीचड़ और जलभराव से दुकानदार परेशान

घड़ी चौक परिसर में जलभराव के कारण सड़क पर कीचड़ फैल गया। खुदाई से निकली मिट्टी पानी में घुलकर फिसलन में बदल गई, जिससे राहगीरों के जूते-कपड़े खराब हुए। फुटपाथ पर बैठकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को खासा नुकसान झेलना पड़ा। स्थानीय व्यवसायी मुकेश जैन, नीरज गुप्ता और कमलेश ने बताया कि पानी भरे रहने से ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई और कारोबार प्रभावित हुआ।

### पार्षद ने जताया खेद, काम अस्थायी रूप से रोका गया

आमापारा वार्ड के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी ने घटना पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि निर्माण कार्य जनहित में है, लेकिन अस्थायी असुविधा के लिए नागरिकों से क्षमा चाहते हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल कार्य तीन दिनों के लिए रोक दिया गया है और आगे काम पूरी सावधानी के साथ किया जाएगा, ताकि दोबारा ऐसी स्थिति न बने।

### बीएसएनएल केबल भी क्षतिग्रस्त

खुदाई के दौरान मकई चौक क्षेत्र में बीएसएनएल का एक प्रमुख केबल भी टूट गया, जिससे दूरसंचार सेवाएं प्रभावित हुईं। जानकारी मिलते ही रायपुर से दूरसंचार विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुधार कार्य शुरू किया। बीएसएनएल अधिकारियों के अनुसार यह केबल बस्तर क्षेत्र तक जाता है, इसलिए संचार बहाली को प्राथमिकता दी गई, खासकर राष्ट्रपति के प्रस्तावित बस्तर दौरे को ध्यान में रखते हुए।

### समन्वय की कमी पर उठे सवाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि खुदाई से पहले संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय और पूर्व सूचना होती, तो जलवाहिनी और केबल को क्षति होने से बचा जा सकता था। नागरिकों को पहले से जानकारी मिलती तो वे पानी संग्रह कर असुविधा से बच सकते थे।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार पाइपलाइन सुधार के बाद जलापूर्ति सामान्य कर दी गई है और आगे खुदाई कार्य के दौरान आवश्यक सतर्कता बरती जाएगी।

## खबर संक्षेप

### झिरिया नवापारा में आज कबड्डी प्रतियोगिता

**धमतरी।** जय मां बांधा दाई कबड्डी दल द्वारा झिरिया नवापारा में 7 फरवरी शनिवार को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रथम पुरस्कार 10,001, द्वितीय 7,000, तृतीय 5,000 और चतुर्थ पुरस्कार 3,000 रूपये दिया जायेगा। साथ ही बेस्ट रेडर, केचर, ऑलराउंडर पर भी इनाम राशि दी जायेगी।

### सॉफ्टबॉल स्पर्धा में वत्सला का चयन

**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह की खिलाड़ी वत्सला साहू का चयन इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल स्पर्धा के लिए हुआ है। विदित हो कि इंटर कॉलेज सॉफ्ट बाल स्पर्धा का आयोजन पीजी कॉलेज में हुआ था। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर वत्सला का चयन इंटर यूनिवर्सिटी के लिए हुआ है। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय सॉफ्ट बॉल स्पर्धा अमरावती महाराष्ट्र में 10 फरवरी तक होगी। इनके चयन पर मोनिका देवांगन जिला पंचायत सदस्य, यदुनन्दन सिंह वर्मा प्राचार्य, सत्यप्रभा किशोर साहू जनपद सदस्य, श्रीमती रमी गौतम सरपंच, हेमंत साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, विनोद डिंडोलकर उपसरपंच, प्रदीप सिन्हा खेल शिक्षक, लेखराम साहू, भानु नेताम समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।



### कांशीपुरी में मानसगान प्रतियोगिता आज से

**पुरी।** ग्राम कांशीपुरी में मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 7 एवं 8 फरवरी को किया गया है। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि बलराम साहू पूर्व अध्यक्ष जिपं धमतरी होंगे। अध्यक्षता भगत यादव उपाध्यक्ष प्रदेश महासभा यादव समाज करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती कुंती देवदास सरपंच पुरी, जेठूराम ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष, फतेहलाल नेताम उपसरपंच, श्रीमती इंदिराबाई देवदास पूर्व सरपंच, मायाराम ध्रुव सेनि तहसीलदार होंगे। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि संतोषकुमार ध्रुव पशु चिकित्सा अधिकारी पुरी होंगे। अध्यक्षता डॉ. भूषण चंद्राकार अध्यक्ष मानक शक्ति केंद्र अंगारा करेंगे। विशिष्ट अतिथि चिरौंजीलाल साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में श्री हनुमंत राम कथा आयोजक समिति एवं ग्रामवासी जुटे हैं।

### वार्षिक सम्मेलन और परमेश्वरी महोत्सव आज

**सिर्री।** देवांगन समाज सिर्री मंडल का 60वां वार्षिक सम्मेलन एवं मां परमेश्वरी महोत्सव 7 और 8 फरवरी को ग्राम इकाई दरबा के सामुदायिक भवन परिसर में मनाया जाएगा।



प्रथम दिवस मंडल द्वारा वितरण की गई राशि की वापसी, आय-व्यय प्रतिवेदन की प्रस्तुति, पदाधिकारियों का चुनाव सहित मां परमेश्वरी जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी एवं शोभायात्रा निकाली जायेगी। साथ ही 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों और अतिथियों का सम्मान समारोह, कलश सजाओ प्रतियोगिता होगी। विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। द्वितीय दिवस 8 फरवरी को सामाजिक प्रकरणों के निपटारे के साथ ही मंडल अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विशेष मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और मंडल द्वारा दी जाने वाली राशि का वितरण किया जायेगा। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी देवांगन समाज सिर्री मंडल के सचिव विष्णु देवांगन ने दी।

## अंचल की खबरें

### दो महिलाओं की हुई गोदभराई



**पुरी।** ग्राम पंचायत गागरा झिरिया सेक्टर आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण चौपाल का आयोजन सरपंच अनीता साहू, पंचायत सचिव हेमंत साहू, मितानिन आत्रा साहू की उपस्थिति में हुआ। लीलेश्वरी साहू, गुंजा साहू की गोदभराई की गई। गर्भवतियों को योगासन का महत्व बताते हुए प्राणायाम कराया गया। टीकाकरण, खानपान, रेडी टू ईट के उपयोग के बारे में चर्चा की गई। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती लता साहू, श्रीमती फुलेश्वरी साहू, सहायिका रूपेश्वरी की उपस्थिति रही।

### राष्ट्रीय पैरा तीरंदाज चंचल व देवश्री का हुआ सम्मान



**धमतरी।** राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले व राज्य का नाम रोशन करने वाली चंचल सोनी एवं टीम ऑफिशियल देवश्री जोशी का घड़ी चौक में सम्मान किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी धमतरी, जय छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान धमतरी, वरदान परामर्श सेवा संस्थान धमतरी एवं समाजसेवी लक्ष्मण पहलवान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। अतिथियों एवं सामाजिक संगठनों ने दोनों को पुष्पमालाएं पहनाकर, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि चंचल सोनी ने अपने संघर्ष, अनुशासन और मेहनत से न केवल धमतरी बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

### केंद्रीय बजट पुराना और घिसा-पिटा : घनाराम

**धमतरी।** किसान नेता घनाराम ने केंद्र सरकार के बजट को किसान, मजदूर और बेरोजगारों के लिए निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि



यह बजट पुराना और घिसा-पिटा है, जिसमें किसानों की आय बढ़ाने की कोई ठोस योजना नहीं है। न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई, जबकि किसान संगठन लगातार इसकी मांग कर रहे हैं। चंद राज्यों को छोड़कर समर्थन मूल्य पर खरीदी का ठोस तंत्र नहीं है। किसान आज भी बिचौलियों के शोषण का शिकार हैं। किसान सम्मान निधि की राशि 6000 रुपये ही रखी गई है। मनरेगा और रोजगार सृजन पर भी बजट कमजोर है।

### पीडी नाला में चला सफाई अभियान



**धमतरी।** नगर निगम के महापौर रामू रोहरा एवं स्वास्थ्य विभाग के सभापति नीलेश लुनिया के मार्गदर्शन में पीडी नाला सफाई अभियान तथा नाले से वर्षों से जमा कचरे को बाहर निकलवाया गया। इस जनहितकारी कार्य के लिए लालबगीचा वार्ड की पार्षद हिमानी साहू एवं वार्डवासियों ने नगर निगम का आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि पीडी नाला शहर की एक प्रमुख जल निकासी व्यवस्था है, जो लगभग 4-5 वार्डों से होकर गुजरता है और बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। नगर निगम द्वारा इस वर्ष पीडी नाले की ऐतिहासिक एवं व्यापक सफाई कराई गई, जिससे न केवल नाले की जलधारिता में सुधार हुआ, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में जलभराव, गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों की समस्या में भी उल्लेखनीय कमी आई है। इस सफाई अभियान से नागरिकों को स्वच्छ वातावरण, बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवन की दिशा में राहत मिली है। यह पहल शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक सराहनीय एवं अनुकरणीय कदम है।

### मृतक के परिजनों को दी श्रद्धांजलि योजना की राशि



**धमतरी।** ग्राम पंचायत सारंगपुरी द्वारा बैसाखू राम बंजारे की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी कांति बंजारे व पुत्र दूजराम बंजारे को श्रद्धांजलि योजना अन्तर्गत 2000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर सरपंच रामकुमार यादव, पंच हेमूराम गायकवाड़, पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष खरेंगा धन्नूराम जांगड़े, सोनकर समाजराज अध्यक्ष मनोहर सोनकर व परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## धमतरी में बनेगा अत्याधुनिक 500 सीटर नालंदा परिसर

# युवाओं के सपनों को मिलेगा नया आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के शैक्षणिक, बौद्धिक एवं ज्ञान आधारित विकास को नई ऊंचाई प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में जिले को बड़ी सौगात प्राप्त हुई है। नगर के प्रतिष्ठित नालंदा परिसर (सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन) को 250 सीटर से विस्तारित कर 500 सीटर किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह अत्याधुनिक एवं बहुमंजिला नालंदा परिसर लगभग 11 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा।

पूर्व में हटकेश्वर वार्ड में 250 सीटर नालंदा परिसर की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिला प्रशासन एवं नगर निगम के सतत प्रयास से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इस परियोजना को और अधिक व्यापक स्वरूप प्रदान करते हुए 500 सीटर की स्वीकृति दी गई। इस विस्तार से न केवल अध्ययन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, बल्कि जिले में आधुनिक पुस्तकालय संस्कृति को भी मजबूती मिलेगी। निर्माण पश्चात नालंदा परिसर एक आकर्षक, भव्य एवं सर्वसुविधायुक्त शैक्षणिक भवन के रूप में विकसित होगा।

परिसर में शांत एवं सुव्यवस्थित अध्ययन वातावरण, डिजिटल संसाधन, ई-लाइब्रेरी, वाई-फाई सुविधा, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, वातानुकूलित अध्ययन कक्ष, लिफ्ट सुविधा तथा आधुनिक सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह परिसर विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु एक आदर्श अध्ययन केंद्र सिद्ध होगा।

**एक ऐतिहासिक कदम : कलेक्टर**



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने 500 सीटर नालंदा परिसर को धमतरी जिले के शैक्षणिक वातावरण को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। यह परिसर विद्यार्थियों एवं युवाओं को शांत, आधुनिक एवं संसाधनयुक्त अध्ययन स्थल उपलब्ध कराएगा। जिला प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने सभी आवश्यक प्रक्रियाएं सुनिश्चित की जाएंगी। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि राज्य में सरकार के गठन के पश्चात सुशासन की स्थापना हुई है और विकास कार्यों को नई गति मिली है।

**0.60 हेक्टेयर भूमि पर होगा परिसर का निर्माण**

नालंदा परिसर का निर्माण 0.60 हेक्टेयर भूमि पर किया जाएगा। ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर, सेकण्ड फ्लोर एवं टावर फ्लोर सहित बहुमंजिला लाइब्रेरी भवन का निर्माण, एसीपी एवं वॉल क्लैडिंग कार्य, 13 पैसेंजर क्षमता की लिफ्ट तथा 70 यूनिट एयर कंडीशनिंग सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। परिसर में सीसी रोड निर्माण, पेवर ब्लॉक कार्य, बाउंड्रीवाल, गार्ड रूम, भव्य प्रवेश द्वार, लैंडस्केपिंग, बाह्य सेनेटेशन एवं जल आपूर्ति कार्य, बोरवेल, आर.सी.सी. नाली, सेप्टिक टैंक, एल.ई.डी. लाइटिंग, सोलर पैनल, ट्रांसफार्मर, सी.सी.टी.वी. कैमरा एवं आधुनिक फायर फाइटिंग सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। नॉन-एसओआर मद अंतर्गत आधुनिक फर्नीचर, पुस्तकों की समृद्ध व्यवस्था एवं टेंसाइल रूफ का प्रावधान रहेगा।

# दस हजार से अधिक हितग्राहियों को मिले मनपसंद कपड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जरूरतमंदों की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से स्पर्श ग्रुप द्वारा संचालित नेकी की कुटिया के सफल छह वर्ष पूर्ण होने एवं स्थापना दिवस के अवसर पर 3 फरवरी को निःशुल्क कपड़ा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सिहावा रोड स्थित नेकी की कुटिया परिसर में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों जरूरतमंदों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर दानदाताओं के सहयोग से प्राप्त 10,000 से अधिक कपड़ों का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में आए हितग्राहियों ने अपनी आवश्यकता और पसंद के अनुसार कपड़े चुने। लोगों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। स्पर्श परिवार ने जानकारी दी कि शेष बचे कपड़ों का वितरण 15 फरवरी को शिवरात्रि के अवसर पर नगरी तहसील के मसानडबरा कमार जनजाति बस्ती में किया जाएगा। संस्था द्वारा अब तक विभिन्न शिविरों के माध्यम से एक लाख से अधिक कपड़ों का वितरण किया जा चुका है तथा प्रत्येक दूसरे माह के दूसरे रविवार को नियमित वितरण किया जाता है। इस शिविर में दीपमाला साहू, डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. धर्मेन्द्र सिन्हा, डॉ. भूपेन्द्र सोनी, डॉ. राकेश साहू, आशीष शर्मा, प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. देवेश सिन्हा, हरिश्चंद्र साहू, मंजू शर्मा, सुनील साहू, दीपक रवानी, संजय यादव, राजपाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# धमतरीवासियों को जल्द मिलेगी रेल सेवा की सौगात



- महापौर रामू रोहरा ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महापौर रामू रोहरा ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म, रेलवे ट्रैक, स्टेशन परिसर सहित अन्य कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि धमतरी की जनता लंबे समय से रेल सेवा की प्रतीक्षा कर रही है और अब यह सपना साकार होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने दो टूक कहा कि रेलवे ट्रैक निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द रेल सुविधा का लाभ मिल सके। महापौर ने कहा कि रेल सेवा शुरू होने से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि धमतरी के व्यापार, कृषि, उद्योग और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह परियोजना धमतरी के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी।

उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देने पर भी उन्होंने जोर दिया। मौके पर सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, एमआईसी सदस्य श्यामलाल नेताम, पिंटू यादव, श्रीमती विभा चंद्राकर सहित पार्षद श्रीमती नम्रता पवार, अज्जू देशलहरे, मेघराज ठाकुर, श्रीमती अनिता अग्रवाल, गजेंद्र कवर एवं श्री संजय देवांगन समेत रेलवे विभाग के अधिकारी एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# शीतला मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दानीटोला स्थित शीतला मंदिर में फुटान परिवार नयापारा की ओर से 6 फरवरी से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के त्रिलोक मीनपाल ने बताया कि पहले दिन 6 फरवरी को कलश यात्रा, श्री भागवत स्थापना, वेदी पूजन, गौकर्ण पूजा हुई। 7 को मंगलाचरण, धर्म पृथ्वी संवाद, कलयुग को दंड, परीक्षित को श्राप, 8 को सृष्टि वर्णन, विदुर कथा, देवासुर संग्राम, वामन अवतार, राजा बली प्रसंग, 9 को ध्रुव चरित्र, भरत कथा, जड़भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, 10 को गजेन्द्र मोक्ष, सागर मंथन, देवासूर संग्राम, 11 को श्रीकृष्ण जन्म, जन्मोत्सव, पूतना वध, बाललीला, 12 को वृंदावन लीला, मथुरागमन, कंस वध, रूक्मणि विवाह, मंगल कथा वर्णन तथा 13 फरवरी को सुदामा चरित्र, द्वारिका लीला, यदुवंश क्षय, परीक्षित मोक्ष के बाद भगवान श्री विग्रह, तुलसी अर्पण होगा। कथा दोपहर 1 बजे से होगी।

# उपभोक्ताओं से वसूला गया 64 लाख का पुराना बकाया बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



- स्मार्ट मीटर से बदली वसूली की तस्वीर

जिले में स्मार्ट मीटर परियोजना ने बिजली विभाग की वर्षों पुरानी वसूली समस्या को काफी हद तक हल कर दिया है। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद न सिर्फ बिजली बिल की निगरानी आसान हुई, बल्कि लंबे समय से अटके बकायों की वसूली भी तेजी से हो पाई है। विभाग के अनुसार स्मार्ट मीटर लागू होने के बाद कुछ ही महीनों में करीब 64 लाख रुपए का पुराना बिजली बिल वसूल कर लिया गया, जो पहले काफी मुश्किल माना जाता था।

जिले में अब तक 650 से अधिक ऐसे उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जा चुके हैं, जिन्होंने लंबे समय तक बिल जमा नहीं किया था। यह पूरी प्रक्रिया राजधानी रायपुर से ऑनलाइन की जा रही है। स्मार्ट मीटर तकनीक के जरिए बीपी नंबर के आधार पर सीधे मीटर को डिस्कनेक्ट किया जा रहा है, जिससे विभागीय कर्मचारियों को मौके पर जाने की जरूरत नहीं पड़ रही।

जानकारी के अनुसार जिले में एक हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं पर करीब 80 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया था। स्मार्ट मीटर सिस्टम लागू होने के बाद इनमें से अधिकांश उपभोक्ताओं ने बिजली कटने के डर से अपने पुराने बिल जमा करा दिए। बड़ी संख्या में लोग बिल भुगतान के लिए बठेना स्थित पावर हाउस भी पहुंच रहे हैं।

बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिल जारी होने के बाद तय तिथि तक भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ताओं को 21 दिन की अतिरिक्त मोहलत दी जा रही है। इसके बाद भी यदि बिल जमा नहीं होता है, तो स्मार्ट मीटर के जरिए ऑनलाइन कनेक्शन काट दिया जाएगा। इस प्रक्रिया में विभागीय कर्मचारी उपभोक्ता के घर नहीं जाएंगे, बल्कि कंट्रोल पूरी तरह रायपुर से किया जाएगा।

स्मार्ट मीटर लगाने का मुख्य उद्देश्य केवल बकाया वसूली नहीं, बल्कि बिजली की बचत और बिजली चोरी पर रोक लगाना भी है। जिले में कुल 1.08 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक करीब 96 हजार घरों और संस्थानों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जबकि शेष 12 हजार मीटर अगले दो महीनों में लगाए जाने की योजना है। विभाग ने 31 मार्च तक सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य तय किया है। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल सोनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर से वसूली प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी हुई है। आने वाले समय में सभी मीटर लगने के बाद प्री-पेड और पोस्ट-पेड सिस्टम लागू करने की भी तैयारी है, जिससे उपभोक्ताओं और विभाग दोनों को सुविधा मिलेगी।

# बेटी की शादी के लिए समाजसेवी संस्थाओं ने किया सहयोग

- राशन सामग्री मिलने से गरीब परिवार को बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



निर्धन परिवार की बेटी की शादी तय होने के बाद चिंतित परिवार को समाजसेवी संस्थाओं ने सहयोग किया। परिवार को राशन सामग्री प्रदान कर सराहनीय कार्य किया।

कुरूद क्षेत्र के ग्राम बगदेही निवासी दुर्गा विश्वकर्मा पिता स्व. सेवकराम विश्वकर्मा का विवाह तय हो गया। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पिता के स्वर्गवास होने के बाद पूरे परिवार की पूरी जिम्मेदारी माताजी पर है, जो रोजी मजदूरी कर अपने छह बेटियों का पालन पोषण कर रही है। परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनके लिए बेटी की शादी संपन्न करा पाना कठिन था।

इंडियन रेडक्रास सोसाइटी एवं जय छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान के सदस्यों ने परिवार को सहयोग के रूप में राशन सामग्री प्रदान की। इससे परिवार को बड़ी राहत मिली है। समाजसेवी संस्थाओं द्वारा किया गया यह सहयोग न केवल एक निर्धन परिवार के लिए सहारा बना बल्कि समाज में मानवता, संवेदनशीलता और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण भी है।

इस दौरान समाजसेवी शिवा प्रधान, डा. पोषण सिन्हा, मोहिनी साहू, सीमा यदु, खिलेश्वर साहू, ऋतु प्रधान, शमीना अंजुम, भारती साहू, भारती सोनी, मंजू टोमरे सहित अमृत विश्वकर्मा, कामदेव साहू, शंकर साहू, दीपक यादव, त्रिलोक साहू, बीरेंद्र साहू, सरस्वती विश्वकर्मा, उषा विश्वकर्मा व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### स्कूल सफाई कर्मचारियों की बैठक 8 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी के प्रतिनिधिमंडल ने 4 फरवरी को मंत्रालय महानदी भवन रायपुर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव, मंत्री केदार कश्यप व स्कूल शिक्षा सचिव से मुलाकात कर संघ की मांगों के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री द्वारा आगामी बजट 2026 में मांगों को पूरा करने का स्पष्ट भरोसा दिलाया गया है। अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश महामंत्री डगेश्वर पटेल, जिलाध्यक्ष लोकेश साहू एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने बताया कि संघ की आगे की रूपरेखा तैयार करने प्रदेश स्तरीय बैठक 8 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे सती बाई स्कूल कवर्धा जिला कबीरधाम में रखी गई है।

# उपसरपंचों ने सीखे पंचायतों के कामकाज के गुर

- प्रथम बैच में 47 उपसरपंचों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जनपद पंचायत धमतरी अंतर्गत नवनिर्वाचित उपसरपंचों के प्रथम बैच 47 लोगों के लिए तीन दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 से 5 फरवरी तक क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र कुरूद में आयोजित किया गया। कलारतराई के उपसरपंच माधवेंद्र साहू ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नवनिर्वाचित उपसरपंचों को उनके कर्तव्यों, अधिकारों एवं विकास योजनाओं की समुचित जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम एवं त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था, ग्राम पंचायत के कृत्य एवं उपसरपंच की शक्तियां, ग्राम सभा व पंचायत बैठक संचालन, स्थायी समितियां, पेसा कानून, गठन, पंचायतों के कर एवं शुल्क, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, 15वें वित्त आयोग, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, जिला एवं जनपद पंचायत विकास निधि सहित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर हेमंत ठाकुर प्राचार्य, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, प्रशिक्षण प्रभारी उदयराम, संकाय सदस्य तुकाराम ध्रुव, सुमीत भट्ट, पुरुषोत्तम लाल साहू, व्यवस्था प्रभारी सहित उपसरपंच मनीषा साहू, खुमान सिंह साहू, रोहित तारम, नेमीचंद पटेल, अरमान खान, गोपीचंद यादव, युवराज, सुनील साहू, मिथिलेश साहू, तिलकराम पटेल उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
7 दिन
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020